<u>प्रेस प्रकाशनी</u>

संसद का शीतकालीन सत्र, 2012 (पंद्रहवीं लोक सभा का 12वां सत्र और राज्य सभा का 227वां सत्र) गुरूवार, 22 नवंबर, 2012 से आरंभ होना नियत है और सरकारी कार्य की आवश्यकताओं के अधीन रहते हुए यह सत्र गुरूवार, 20 दिसंबर, 2012 को समाप्त होगा। सत्र की 29 दिनों की अवधि में 20 बैठकें होंगी।

2. सत्र में मुख्य रूप से आवश्यक सरकारी विधायी और अन्य कार्य निपटाया जाएगा जिसमें सामान्य बजट के संबंध में वर्ष 2012-13 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों से संबंधित वित्तीय कार्य शामिल होगा।

3. शीतकालीन सत्र, 2012 के लिए सरकारी कार्य को अंतिम रूप देने के लिए, संसदीय कार्य मंत्री ने शुक्रवार, 16 नवंबर, 2012 को विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के सचिवों/वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी। संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री ने बैठक की सह-अध्यक्षता की थी। पंद्रहवीं लोक सभा के 12वें सत्र और राज्य सभा के 227वें सत्र के दौरान लिए जाने वाले संभावित कार्य निम्न प्रकार से हैः-

I. विचार और पारित करने के लिए विधेयक

क्र.सं.	विधेयकों के नाम
1.	अग्रिम संविदा (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2010
2.	भाण्डागारण निगम (संशोधन) विधेयक, 2011
3.	कंपनी विधेयक, 2011
4.	बैंककारी विधि (संशोधन) विधेयक, 2011
5.	बीमा विधियां (संशोधन) विधेयक, 2008
6.	प्रतिभूति ब्याज का प्रवर्तन और ऋण वसूली विधि (संशोधन) विधेयक, 2011
7.	धन-शोधन निवारण (संशोधन) विधेयक, 2011
8.	पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण विधेयक, 2011
9.	नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2011
10.	उत्तर पूर्वी क्षेत्र (पुनर्गठन) संशोधन विधेयक, 2012, **लोक सभा द्वारा पारित किए गए रूप में**
11.	विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) संशोधन विधेयक, 2011
12.	तकनीकी शैक्षिक संस्थाओं, आयुर्विज्ञान शिक्षा संस्थाओं और विश्वविद्यालयों में अनृजु व्यवहार का प्रतिषेध विधेयक, 2010
13.	शैक्षिक अधिकरण विधेयक, 2010, **लोक सभा द्वारा पारित किए गए रूप में**
14.	उच्च शिक्षा संस्थाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन विनियामक प्राधिकरण विधेयक, 2010
15.	वास्तुविद (संशोधन) विधेयक, 2010
16.	संविधान (एक सौ आठवां संशोधन) विधेयक, 2010 – राज्य सभा द्वारा पारित किए गए रूप में – लोक सभा और विधान सभाओं में महिलाओं का आरक्षण
17.	संविधान (एक सौ दसवां संशोधन) विधेयक, 2009 – पंचायती राज में महिलाओं का आरक्षण

18.	सूचना प्रदाता संरक्षण विधेयक, 2011, **लोक सभा द्वारा पारित किए गए रूप में**
19.	लोकपाल और लोकायुक्त विधेयक, 2011, **लोक सभा द्वारा पारित किए गए रूप में – वर्तमान में राज्य सभा की प्रवर समिति के पास**
20.	विदेशी लोक पदधारी और अंतर्राष्ट्रीय लोक संगठन पदधारी रिश्वत निवारण विधेयक, 2011
21.	संविधान (एक सौ सत्रहवां संशोधन) विधेयक, 2012 – अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को सेवाओं में आरक्षण
22.	संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2012
23.	कार्यस्थलों पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और संरक्षण) विधेयक, 2012, **लोक सभा द्वारा पारित किए गए रूप में**
24.	मोटर यान (संशोधन) विधेयक, 2012, **राज्य सभा द्वारा पारित किए गए रूप में**
25.	भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक,2012, **लोक सभा द्वारा पारित किए गए रूप में**

II - पुर:स्थापन के लिए विधेयक

क्र.सं.	**विधेयकों के नाम**
1.	कृषि जैव-सुरक्षा विधेयक, 2012
2.	प्रतिस्पर्धा (संशोधन) विधेयक, 2012
3.	वन्यजीव (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2012
4.	राज्यपाल (उपलब्धियां, भत्ते और विशेषाधिकार) संशोधन विधेयक, 2012
5.	दंड विधि (संशोधन) विधेयक, 2012
6.	केन्द्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012
7.	स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) संशोधन विधेयक, 2012
8.	भारतीय जैवप्रौद्योगिकी विनियामक प्राधिकरण विधेयक, 2012
9.	वाणिज्य पोत परिवहन (संशोधन) विधेयक, 2012
10.	कोयला खान (संरक्षण और विकास) संशोधन विधेयक, 2012

III – वित्तीय कार्य

क्र.सं.	**कार्य की मद**
1.	वर्ष 2012-13 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगें (सामान्य) पर चर्चा और मतदान